दैनिक

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

# नज़रिया खबर




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 352 | देहरादून, शनिवार 21 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति

## न्यूज डायरी

### आमजनमानस को शुद्ध पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे जल संस्थान।

**देहरादून।** भाजपा नेता एडवोकेट एन के गुसाईं ने कहा कि जहां वर्तमान समय में एक ओर गर्मी चरम



पर है वहीं दूसरी ओर जल संस्थान की पेयजल व्यवस्था भी चरमराई दिखाई दे रही है। देहरादून शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लोग पीने के पानी की कमी के कारण परेशान हैं,कतिपय जगहों पर गंदा,बदबूदार अथवा मटमैला पानी आ रहा है। इस समय जबकि देहरादून जिलाधिकारी भी लोगों को प्राथमिकता पर जल उपलब्ध करवाने की बात कह चुके हैं। संस्थान के इस तरह के लापरवाह रवैये के कारण भाजपा की प्रदेश सरकार की छवि भी खराब हो रही है जो कि एक भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते हमें बर्दास्त नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद देहरादून के पेयजल विभाग के अन्तर्गत सीवरेज कार्यों की 07 योजनाओं हेतु 3147.32 लाख, जनपद उधमसिंह नगर में अमृत 2.0 वॉटर बॉडीज योजनान्तर्गत नगर निकाय दिनेशपुर की 02 योजनाओं के लिए 97 लाख, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में विकासनगर (हल्दापानी) के निकट कॉलेज गोपेश्वर में भू–धंसाव योजना के कार्य हेतु 778.97 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सम्पर्क योजना के अन्तर्गत प्रदेश की 13 नई ग्रामीण सड़क योजनाओं के लिए 3382.48 लाख की धनराशि नाबार्ड से वित्त पोषण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद चमोली के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थराली को उच्चीकृत करते हुए नवीन स्थान कुलसारी में उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने हेतु मानकों में शिथिलता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन को भ्रमण के लिए खोला

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून में राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया और स्मारिका शॉप सहित सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया और राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखी।

उन्होंने राष्ट्रपति निकेतन में एक एम्फीथिएटर का भी उद्घाटन किया। देहरादून में राजपुर मार्ग पर स्थित राष्ट्रपति तपोवन, हिमालय की तलहटी के 19 एकड़ में विस्तारित राष्ट्रपति भू–सम्पदा का एक हिस्सा है और यह आध्यात्मिक आश्रय स्थल और पारिस्थितिकी संरक्षण पर बल देता है। यहां देशी वनस्पतियों से समृद्ध एक घने जंगल, तपोवन में 117 पौधों की प्रजातियां, 52 तितलियां, 41 पक्षी प्रजातियां और 7 जंगली स्तनधारी हैं, जिनमें कुछ संरक्षित प्रजातियां भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक बांस के बाग़ और एकांत वनस्थली पारिस्थितिकी तंत्र हैं। राष्ट्रपति निकेतन की स्थापना 1976 में



देहरादून में राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रपति।

राष्ट्रपति निवास के रूप में की गई थी। इसकी समृद्ध विरासत 1838 से चली आ रही है, जब यह एस्टेट गवर्नर जनरल के अंगरक्षक के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर के रूप में कार्य करता था। यह 21 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें लिली तालाब, ऐतिहासिक इमारतें, बाग और अस्तबल शामिल हैं। 132 एकड़ में विस्तारित यह राष्ट्रपति उद्यान, सार्वजनिक पार्क, सुगमता और पारिस्थितिकी उत्तरदायित्व का एक मॉडल होने के साथ–साथ दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक उद्यान के रूप में पूरी तरह से सुलभ होगा। इसका उद्देश्य नागरिकों के बीच स्वास्थ्य, संस्कृति और नागरिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक सहभागिता केंद्र बनना है। इस अवसर पर राष्ट्रपति निकेतन, राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति उद्यान की जैव विविधता पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## नैनीताल के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति ने किया विशेष डाक टिकट जारी

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति निकेतन, देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के ऐतिहासिक राजभवन नैनीताल के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रपति का इस ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय स्मृति में स्थान दिलाने हेतु आभार प्रकट किया।

गौरतलब है कि राजभवन नैनीताल का यह भवन ब्रिटिश काल की अद्भुत गोथिक स्थापत्य शैली का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। राजभवन की भव्य वास्तुकला, भू–संरचना तथा



इसके आसपास का प्राकृतिक सौंदर्य इस धरोहर स्थल को विशिष्ट बनाते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' काफी टेबल बुक भी भेंट की।

# जिला प्रशासन की ग्राउंड टीम ने तीसरे ही दिन, बैंक के होश लाए ठिकाने, बैंक सील

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल अपने चिरपरिचित अंदाज में जनहित में निरंतर कड़े निर्णय ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए भटक रहे फरियादियों की समस्या निस्तारित कर रहे हैं बल्कि त्वरित रिलिफ भी दे रहे हैं। पति की मृत्यु के उपरान्त अपनी सम्पति के कागज छुड़वाने तथा इंश्योरेंश के लिए भटक रही शिवानी गुप्ता के प्रकरण में जिलाधिकारी के आदेश पर देहरादून क्रॉस मॉल, राजपुर रोड स्थित डीसीबी बैंक प्रा0लि0 की शाखा को ही सीज



कर दिया था। बैंक की सम्पति कुर्क करते ही बैंक प्रबन्धक के होश ठिकाने आ गए तथा बैंक द्वारा शिवानी गुप्ता के सम्पति के कागज वापस किये साथ ही नो ड्यूज का सर्टीफिकेट भी घर जाकर दिया। मा0 सीएम के प्रताप से जिला प्रशासन हमेशा असहाय, निर्बल, जरूरतमंद के साथ है। जिला प्रशासन जनहित में निरंतर सख्त निर्णय ले रहा है। शिवानी गुप्ता प्रकरण में डीएम के आक्रमक रवैया देख प्राइवेट बैंक डीसीबी ने विधवा फरियादी की चौखट पर ही जाकर बन्धक बनाए गए सम्पति के कागज वापस लौटाएं है तथा नो ड्यूज सर्टीफिकेट भी जारी किया है। जिला प्रशासन का आजकल चिरपरिचित अंदाज; फरियादी को न्याय, नाफरमानी पर अकाल्पनिक सख्त एक्शन से जहां विभागों में हड़कम हैं वही फरियादियों को त्वरित न्याय भी मिल रहा है। विधवा महिला फरियादी शिवानी गुप्ता के पति की मृत्यु उपरांत के एक वर्ष से न्याय को भटक रही थी। जिला प्रशासन की ग्राउंड टीम ने तीसरे ही दिन, प्रा0 बैंक को सील कर बैंक के होश ठिकाने ला दिए हैं। डीएम के गहन पर्यवेक्षण में एसडीएम कुमकुम ने न्याय को अंजाम दिया। जिला प्रशासन के इस प्रभावी एक्शन से डीसीबी बैंक ने फरियादी की सम्पति के कागज उनके घर जाकर वापस लौटाये तथा 15.50 लाख ऋण माफ करते हुए नो ड्यूज का सर्टीफिकेट भी जारी किया। जिला प्रशासन के इस तुफानी एक्शन से जहां प्राइवेट बैंक चारो खाने चित हो गया है वहीं जिला प्रशासन के इस एक्शन लापरवाही एवं नाफरमानी करने वाले कार्मिकों में भय का माहौल व्याप्त है। जिलाधिकारी का कड़ा रूख देख बैंक द्वारा शिवानी गुप्ता के सम्पति के कागज तो लौटाये ही साथ 15.50 लाख ऋण माफ करते हुए नो ड्यूज का सर्टीफिकेट भी घर जाकर दिया। जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में शिवानी गुप्ता पत्नी स्व0 रोहित निवासी अमर भारती, चन्द्रबनी अपनी फरियाद लेकर पहुंची थी। शिवानी गुप्ता ने बताया कि उनके पति द्वारा डीसीबी प्रा0 लि0 बैंक से 15.50 लाख का ऋण लिया था, जिसका बीमा आईसीआई लोंबार्ड कंपनी द्वारा किया गया था।

21 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 1:25 PM Page 2



# संपादकीय

## मेक इन इंडिया पर राहुल गांधी का तंज

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि मेक इन इंडिया फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद, देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और युवा बेरोजगारी बहुत अधिक है। गांधी ने मेक इन इंडिया पहल की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में विनिर्माण 2014 के बाद से अर्थव्यवस्था के 14 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और चीन से आयात में दोगुनी वृद्धि की ओर भी इशारा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वास्तविक समाधानों के बजाय नारों पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर किया और लिखा, ष्मेक इन इंडियाष् ने फैक्ट्री बूम का वादा किया था। तो विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है? मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की है, समाधानों में नहीं। 2014 से, विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था का 14: तक गिर गया है। उन्होंने भारत के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, एक पोस्ट में साझा किया कि उन्होंने नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में दो प्रतिभाशाली युवाओं, शिवम और सैफ से मुलाकात की, जो अपनी क्षमता को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने देश के मौजूदा आर्थिक मॉडल की आलोचना की और कहा, ष्नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में, मैं शिवम और सैफ से मिला – जो प्रतिभाशाली, कुशल, संभावनाओं से भरे हुए हैं – फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह हैरू हम इकट्ठा करते हैं, हम आयात करते हैं, लेकिन हम निर्माण नहीं करते। चीन लाभ कमाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास कोई नया विचार नहीं है और उन्होंने भारत के उद्योगों को बढ़ाने की कोशिश छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण पीएलआई योजना को भी चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने भारतीय उत्पादकों को ईमानदार सुधारों और वित्तीय सहायता के साथ मदद करने के लिए बड़े बदलावों का आह्वान किया, चेतावनी दी कि अगर भारत अपने उद्योगों का निर्माण नहीं करता है, तो वह दूसरे देशों से खरीदता रहेगा।

# उत्तराखण्ड की बेटियां फ्लोरबॉल टीम की बनी मैनेजर एवं कप्तान, मंत्री जोशी ने किया सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय महिला फ्लोरबॉल टीम की मैनेजर सरस्वती भण्डारी और कप्तान संगीता राठी को किया सम्मानित। महिला फ्लोरबॉल चौम्पियनशिप खेल में भारत की ओर से सरस्वती भण्डारी ने मैनेजर और संगीता राठी ने कप्तान के रूप में प्रतिभाग किया जिसमें भारत, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, दक्षिण कोरिया, जापान, फिलीपींस, मलेशिया और थाईलैंड ने प्रतिभाग किया।

दोनों खिलाड़ी कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मिली और मंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। मंत्री गणेश जोशी ने बताया विश्व फ्लोरबॉल चौम्पियनशिप 2025 में सरस्वती भण्डारी ने मैनेजर और संगीता राठी ने कप्तान के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। संगीता राठी को भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्राप्त हुआ और भारत की ओर से पहला गोल दागकर इतिहास रचा। वर्ष 2020 में भारतीय महिला टीम ने प्रथम विश्व वर्चुअल फ्रीस्टाईल फ्लोरबॉल कप जीता और एशिया ओशिनिया फ्लोरबॉल परिसंघ में वर्ष 2018 में भारतीय महिला टीम का कप्तान के रूप में प्रतिनिधित्व कर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में सरस्वती भण्डारी ने एशिया ओशिनिया फ्लोरबॉल परिसंघ 2018 में भारतीय महिला टीम प्रथम गोलकीपर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार प्राप्त किया तथा एशिया में 8वां स्थान प्राप्त किया।



फ्लोरबॉल टीम की मैनेजर एवं कप्तान को सम्मानित करते मंत्री जोशी।

### मंत्री जोशी ने की सैनिक विश्राम गृहों की स्थिति के बारे में विस्तृत चर्चा

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री मंत्री गणेश जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग एवं सैन्याधाम निर्माण की कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें सैन्य धाम निर्माण और सैनिक विश्राम गृहों की स्थिति के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृत लाल एवं उपनिदेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र कुमार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए तथा सैन्यधाम में रखरखाव के बारे में भी विस्तृत चर्चा की।

# बुजुर्गों के साथ हदें पार करता हुआ दुर्व्यवहार -समाज व सरकार द्वारा संज्ञान लेकर कार्रवाई करना ज़रूरी



**आज के युग में बुजुर्ग अपने ही घर परिवार वालों व औलाद से अपेक्षाकृत अधिक दुर्व्यवहार का डंक सहन कर चुप बैठे हैं जो, घर-घर की कहानी बनते जा रही है**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के देशों में विशेष रूप से भारत में माता–पिता बड़े बुजुर्गों को हमेशा भगवान ईश्वर अल्लाह का रूप दिया जाता रहा है,जिसका सटीक रूप भगवान राम, श्रवण जैसे अनेकों उदाहरण मौजूद है परंतु मुझे आज के युग में ऐसा महसूस हो रहा है कि यह सब अब कहानीयाँ व भूला बिसरा इतिहास बनता जा रहा है क्योंकि आज माता–पिता बड़े बुजुर्गों को सम्मान की बातें विलुप्तता की ओर चल पड़ी है।

मैं आज यह बातें इसलिए कर रहा हूं क्योंकि आधुनिक युग में हम अनेकों पिताओं के नोटिस प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भेजतेहैं कि इन्होंने अपनी औलाद को संपत्ति से बेदखल कर दिया है या फिर औलाद के द्वारा अपमान करने व खर्च नहीं देने के केस डालने सहित बुजुर्गों के साथ अनेकों समस्याएं बढ़ गई है कम से कम मैं तो प्रैक्टिकल में देखते ही रहता हूं व कोशिश करता हूं कि उनकी कुछ हेल्प कर सकूं जो आज के युवाओं को दिलों दिमाग में बैठाकर रेखांकित करना होगा कि जिस मां–बाप व बड़े बुजुर्गों ने उन्हें पाल–पोस्कर रोजगार पर लगाकर इस लायक बनाया है, कि वह ठसके के साथ जिये, परंतु आज नतीजा उल्टा हो गया है कि जिन्होंने उनको आज ठसके के लायक बनाया आज उनको ही ठस्का दिखाकर घर से देखा बेदखल कर या रोज अपमान करते रहने की बात इन शब्दों के साथ आ रही है कि,बुढ़ऊ तुमको क्या समझता है? दुनियाँ बदल गई है, तुम कुछ नहीं कर सकते, तुम चुपचाप बैठो, यह अपमान व जहर भरे शब्दों से की गई बातों का प्रचलन बढ़ गया है, यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि 15 जून 2025 को हम विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मना रहे हैं, इसलिए आओ हम मिलकर युवाओं को जागरूक करें कि यह बड़े बुजुर्ग ही तुम्हारे भगवान ईश्वर अल्लाह है। चूँकि बुजुर्गों के साथ हदें पार करता हुआ दुर्व्यवहार–समाज व सरकार द्वारा संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करना जरूरी हो गया है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आज के युग में बुजुर्ग अपने ही घर परिवार वालों व औलाद से अपेक्षाकृत अधिक दुर्व्यवहार का डंक सहन कर चुप बैठे हैं जो,घर–घर की कहानी बनते जा रही है।

साथियों बात अगर हम इस आधुनिक युग में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 15 जून 2025 की करें तो सबसे पहले मैं भारत में बुजुर्गों को उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में जानकारी देना चाहूंगा।सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए कई नियम बनाए हैं, जिनमें प्रमुख है कि यदि बुजुर्गों की देखभाल न की जा रही हो या वे प्रताड़ना का शिकार हो रहे हों तो ष्माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007ष् के तहत ट्रिब्यूनल बच्चों या रिश्तेदारों को घर से निकालने का आदेश दे सकता है, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि यह अधिकार कानून की धारा 23(2) में निहित है, जिसके तहत बुजुर्ग संपत्ति से भरण–पोषण का हकदार होता है, और यदि वह संपत्ति किसी को ट्रांसफर कर दे तो यह हक नए मालिक पर भी लागू होता है।1️ भरण–पोषण का अधिकार–– यदि कोई बुजुर्ग अपनी आय या संपत्ति से अपने खर्च नहीं उठा पा रहे हैं, तो वे अपने बच्चों, बहू या सौतेले बच्चों से भरण–पोषण की मांग कर सकते हैं।यह अधिकार उन्हें ″माता–पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007″ के तहत प्राप्त है।कोई भी माता– पिता,चाहे वे जन्मदाता हों या सौतेले, यहां तक कि जिनके कोई संतान नहीं है, वे भी यह दावा कर सकते हैं।2️ संपत्ति वापसी का अधिकार–अगर किसी ने बुजुर्ग की संपत्ति धोखे से हड़प ली है या उन्हें गलत तरीके से हटाया गया है, तो वे इसे न्यायाधिकरण या सिविल कोर्ट के माध्यम से वापस पा सकते हैं।यदि संपत्ति बच्चों को केवल सेवा और देखभाल की शर्त पर दी गई थी, और वे उस दायित्व को पूरा नहीं कर रहे, तो बुजुर्ग कानूनी रूप से संपत्ति वापस ले सकते हैं। 3️ दुर्व्यवहार के खिलाफ शिकायत का अधिकार– मारपीट, अपशब्द, मानसिक प्रताड़ना, इलाज से इनकार या आर्थिक शोषण, ये सभी कानूनी अपराध हैं। बुजुर्ग बुजुर्ग न्यायाधिकरण, जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस थाने में लिखित शिकायत कर सकते हैं। शिकायत के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता और प्रक्रिया सरल है। संविधान और कानून भी बुजुर्गों के साथ–हमारे संविधान में भी बुजुर्गों की रक्षा के प्रावधान हैंरू (1) अनुच्छेद 2– हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार (2) अनुच्छेद 41– सरकार बुजुर्गों के कल्याण की नीति बनाए।(3) एचएएमए अधिनियम 1956 की धारा 20– संतान अपने माता– पिता की देखभाल करने को बाध्य है (4) माता–पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 लागू होना।

साथियों बात अगर हम विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाने की करें तो, यह दुनिया भर में बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता फैलाने का दिन है। कई बुजुर्ग वयस्कों को दुर्व्यवहार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है, जो अक्सर छिपा रहता है।यह दिवस परिवारों, समुदायों और सरकारों को वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह दिवस एक बेहद परेशान करने वाले लेकिन अक्सर नजर अंदाज किए जाने वाले मुद्दे को संबोधित करने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्रवाई करने का आह्वान करता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 15 जून 2025– बुजुर्गों के साथ भावनात्मक,भौतिक,वित्तीय,परित्याग उपेक्षा रूपी भयंकर दुर्व्यवहार को रेखांकित करना जरूरी,बुजुर्गों के साथ हदें पार करता हुआ दुर्व्यवहार–समाज व सरकार द्वारा संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करना जरूरी हो गया है आज के युग में बुजुर्ग अपने ही घर परिवार वालों व औलाद से अपेक्षाकृत अधिक दुर्व्यवहार का डंक सहन कर चुप बैठे हैं जो,घर–घर की कहानी बनते जा रही है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

21 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 1:25 PM Page 3



# मुख्यमंत्री ने विदेशी मेहमानों का भराड़ीसैंण में किया स्वागत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को भराड़ीसैंण, गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सभी विदेशी राजनयिकों और सुप्रसिद्ध योगाचार्य का स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान सभी को प्रतीक चिन्ह और उत्तराखंडी टोपी देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेक्सिको, फिजी, नेपाल, सूरीनाम, मंगोलिया, लातविया, श्रीलंका और रूस के उपस्थित राजदूत व अन्य उच्चधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड योग और आयुष की वैश्विक राजधानी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और आग्रह पर पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। 2014 में प्रधानमंत्री जी के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र संघ में 177 से ज्यादा देशों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा केदारनाथ की धरती से यह दशक



भराड़ीसैंण में विदेशी मेहमानों का स्वागत करते सीएम।

उत्तराखंड का दशक बताया था। उन्होंने कहा उनके शब्द हमारे लिए प्रेरणा, दिशा और संकल्प का उदघोष है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री का आयुष और वेलनेस सेक्टर के प्रति विशेष दृष्टिकोण है।

उन्होंने कहा उत्तराखण्ड को योग के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड का हिमालयी वातावरण, शुद्ध जलवायु, और आध्यात्मिक ध्यान और योग के लिए उपयुक्त है। हमारा राज्य वैश्विक वेलनेस डेस्टिनेशन बनने की संपूर्ण क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में सदियों से योग और आयुर्वेद गहराई से समाहित है। यह धरती ऋषियों, योगियों और वैद्यों की साधना स्थली रही है। उत्तराखण्ड से औषधियों कच्चे जड़ी–बूटियों की आपूर्ति देश के साथ अंतराष्ट्रीय बाजारों में भी की जा रही है। दुनिया के प्रमुख आयुर्वेदिक औषधि निर्माता भी उत्तराखण्ड में अपने निर्माण कार्य कर रहे हैं।

यहाँ की जैव विवधता में कुटकी, जटामांसी और तिमूर जैसी दुर्लभ और विशिष्ट औषधीय वनस्पतियां पाई जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड में 100 वर्ष से भी अधिक पुराने आयुर्वेदिक संस्थान संचालित है, जैसे ऋषिकुल और गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय, जिनके माध्यम से हम पीढियों से आयुर्वेदिक ज्ञान का विस्तार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद, योग और पंचकर्म के क्षेत्र में उत्तराखण्ड के पास अत्यंत प्रशिक्षित मानव संसाधन है। हमारा राज्य गुणवत्ता युक्त हिमालयी जडी–बूटियों की आपूर्ति एवं उनके एक्सट्रैक्ट का उत्पादन, प्रसंस्करण और साझा व्यापार किया जा सकता है। उत्तराखण्ड के पारंपरिक सुपर फूड्स जैसे मंडुवा, झंगोरा, भट्ट, बिच्छुघास, किलमोडा आदि का मूल्य वर्धन, पैकेजिंग कर वैश्विक आदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा जीवनशैली जनित विकारों, रोग निवारण और स्वास्थय संरक्षण पर संयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार कार्य हम मिलकर कर सकते हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी पूरे उत्तराखंड की झलकः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में संपूर्ण उत्तराखंड की झलक देखने को मिली।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनाएं कैलिफोर्निया बादाम

**देहरादून।** हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे ज़रूरी पोषक तत्व होने चाहिए। इनमें से प्रोटीन शरीर की मजबूती और मांसपेशियों की देखभाल के लिए सबसे अहम है। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है। रोज़ाना बादाम खाने से आपका योग अभ्यास और भी सशक्त बन सकता है। बादाम, जिन्हें अक्सर ड्राय फ्रूट्स का राजा कहा जाता है, पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें 15 ज़रूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं और यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं।

## जन सुनवाई और आपत्तियों के बाद नियमानुसार जारी हुआ पंचायतों मे आरक्षणः मनवीर चौहान


**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण जन सुनवाई और आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही संविधान सम्मत जारी किया गया।

चौहान ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस द्वारा आरक्षण पर उठाए जा रहे सवाल पूरी तरह भ्रामक और हार की आशंका बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में लागू आरक्षण संविधान, पंचायतीराज अधिनियम, एकल ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और कैबिनेट उप–समिति के अध्ययन के बाद तैयार नियमावली के अनुरूप तय किया गया है। ये सारी प्रक्रिया पूरी करना और चुनाव संपन्न कराना राज्य निर्वाचन आयोग का कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार का सरकार का हस्तक्षेप नहीं होता है । आरक्षण प्रक्रिया को विधिसम्मत और उसी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा पूर्ण प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए अंतिम आरक्षण सूची जारी की है। इसके अलावा आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन भी है। आपत्तियाँ मांगने के बाद उनका निस्तारण भी किया गया और कुछ सीटों पर परिवर्तन भी हुआ है। आरक्षण एक रोस्टर के अनुसार तय होता है और उसमे हस्तक्षेप नही हो सकता है। उन्होंने कांग्रेस की चिंता को गैर वाजिब और आशंकाओं पर आधारित बताया। चौहान ने कहा कि कांग्रेस चुनाव घोषित होने से पहले और परिणाम के बाद तमाम आशंकाओं के राग अलापती रही है और सच्चाई से वह वाकिफ़ है।

## सीएम धामी के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया योग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आवास परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योगाभ्साय किया।

आज यहां मुख्यमंत्री आवास परिसर में योगाभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है



योगाभ्यास करते सीएम व अन्य।

और हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ योग है। यही कारण है कि आज योग दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों ने समर्थन दिया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड योग और ऋषि मुनियों की भूमि है। ग्राम स्तर तक सभी लोग योग से जुड़े, सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किए गए हैं।

# केदारनाथ यात्रा में 300 करोड़ का कारोबार, प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ यात्रा में घोड़ा खच्चरों के संचालन से 67 करोड़ व हेलिकॉप्टर सेवाओं से 60 करोड़ की कमाई हुई। होटल, रेस्टोरेंट से 150 करोड़ का कारोबार हुआ। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ चारधाम यात्रा में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 32 लाख पार हो चुका है।

वहीं, 48 दिन की केदारनाथ यात्रा में घोड़े–खच्चर, हेली सेवा, डंडी–कंडी सहित होटल, रेस्तरां व्यापारियों ने 300 करोड़ कारोबार किया है। इस बार दो मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए



खोले गए। 18 जून को बाबा केदार के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 11.40 लाख पार हो चुकी है।

पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं।

इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा –खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि 18 जून तक 227614 श्रद्धालु घोड़े खच्चरों केदारनाथ धाम पहुंचे। इससे लगभग 67 करोड़ की आय प्राप्त हुई है। केदारनाथ हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया, इस वर्ष आठ कंपनियां नौ हेलिपैड से हेली सेवा का संचालन कर रही हैं। 18 जून तक 49247 श्रद्धालु हेलिकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचे। हेलिकॉप्टर किराये के रूप में 60 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है।

केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डंडी–कंडी का संचालन किया जाता है। इस वर्ष की यात्रा के लिए 7000 से अधिक डंडी–कंडी संचालक पंजीकृत हैं। 18 जून तक डंडी– कंडी से दो करोड़ 2 लाख, 71 हजार 300 रुपए की आय प्राप्त हुई है। इसमें गंदगी फैलने एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न प्रतिष्ठानों का 417000 रुपये का चालान कर जुर्माना वसूला गया।

सहायक परिवहन अधिकारी रुद्रप्रयाग कुलवंत सिंह चौहान ने बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा के लिए सोन प्रयाग से गौरीकुंड तक टैक्सी शटल सेवा के लिए 225 गाड़ियां पंजीकृत हैं। प्रति यात्री आने व जाने का किराया 100 रुपये है। 11 लाख 40 हजार श्रद्धालु शटल सेवा से गौरीकुंड पहुंचे। इस साल नई पहल करते हुए 25 गाड़ियां महिला एवं बुजुर्गों के लिए आरक्षित की गई हैं। प्रति गाड़ी में औसतन 10 सवारी यात्रा कर सकती हैं।

# कर्णप्रयाग ज्वेलरी शॉप चोरी का खुलासा पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के 4 सदस्यों को कोटद्वार से दबोचा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कर्णप्रयाग स्थित महादेव ज्वेलर्स मालिक प्रियांशु बंसल पुत्र लोकेश बंसल ने विगत 15 जून 2025 को कोतवाली कर्णप्रयाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें बताया गया था कि 12 जून को सुबह करीब 10 बजे तीन महिलाएं गहने खरीदने के बहाने दुकान पर आईं थी। गहने देखते समय उन्होंने गहनों की ट्रे से एक अंगूठी और कान की बाली की एक जोड़ी (लगभग 14 ग्राम, कीमत करीब 1,25,000 रुपये) चोरी कर ली थी।



इस संबंध में तत्काल कोतवाली कर्णप्रयाग पर मु.अ. संख्या 24द्2025 धारा 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चमोली श्री सर्वेश पंवार ने इस प्रकार के अपराधों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर इस गिरोह को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के आदेशों के अनुपालन तथा क्षेत्राधिकारी कर्णप्रयाग श्री अमित सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्णप्रयाग श्री राकेश चंद्र भट्ट के निर्देशन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। घटना के खुलासे के लिए गठित इस टीम ने गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान 14 जून 2025 को सूचना मिली कि उक्त तीनों महिलाएं नारायण बगड़, कुलसारी और थराली बाजार में भी ज्वेलरी की दुकानों पर इसी तरह खरीददारी के बहाने आई–गई थीं। इस सूचना पर पुलिस टीम को विभिन्न हिस्सों में बांटा गया। एक टीम (ए संजय नेगी के नेतृत्व में) ने नारायण बगड़, थराली आदि बाजारों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। दूसरी टीम (चौकी प्रभारी गौचर उपनिरीक्षक श्री मानवेन्द्र गुसाईं के नेतृत्व में) ने ग्वालदम, बैजनाथ, बागेश्वर, अल्मोड़ा आदि स्थानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। तीसरी टीम (अपर उपनिरीक्षक राजीव कुमार चौकी प्रभारी बाजार कर्णप्रयाग) को कर्णप्रयाग बाजार, घटनास्थल महादेव ज्वेलर्स और उसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करने का जिम्मा सौंपा गया। तीनों टीमों द्वारा कर्णप्रयाग बाजार से लेकर बागेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत और सोमेश्वर तक लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गई। फुटेज में यह सामने आया कि इस घटना को अंजाम देने के लिए कर्णप्रयाग बाजार में 03 महिलाएं और 03 पुरुष एक सफेद रंग की टैक्सी नंबर की स्विफ्ट कार से आए थे। फुटेज में यह भी दिखाई दिया कि 14 जून को ये लोग नारायण बगड़, थराली, ग्वालदम होते हुए बागेश्वर, अल्मोड़ा से काशीपुर और फिर मुरादाबाद की तरफ जा रहे हैं। गिरोह की गिरफ्तारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और अन्य जनपदों के सीमावर्ती थानों से जानकारी जुटाई गई, जिससे पता चला कि इस तरह के गिरोह मुरादाबाद और सम्भल की तरफ से सक्रिय रहते हैं।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद के संबंध में सीएम धामी ने की उच्चस्तरीय बैठक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 24 जून को वाराणसी (बनारस) में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय की भावना के अनुरूप ऐसे ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार किए जाएं जो प्रदेश के समग्र, सतत और संतुलित विकास को नई गति प्रदान कर सकें। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को राज्य में बच्चों के पोषण, शारीरिक और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईसीडीएस (समेकित बाल विकास योजना), खाद्य सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा खेल विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा, ताकि बच्चों को उचित पोषण, खेल गतिविधियाँ, स्वास्थ्य सेवाएं और मानसिक विकास के पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

## गैरसैंण को वैश्विक पटल पर स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री का अहम कदम

**गैरसैंण/देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अब तक केवल विधानसभा सत्र के दौरान खुलने वाला भराड़ीसैंण का विधानसभा भवन इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर योग दिवस का कार्यक्रम भराड़ीसैंण में हो रहा है। गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में सक्रिय करने की यह मुख्यमंत्री की सार्थक पहल भी है।

मुख्यमंत्री ने योग दिवस के कार्यक्रम से भराड़ीसैंण को राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी काम किया है। विधानसभा परिसर में वैश्विक कार्यक्रम से उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी को विश्व भर में नया नाम मिलेगा। विदेशी मेहमानों की उपस्थिति, हिमालय की गोद में बसे इस क्षेत्र की प्राकृतिक सौंदर्य के बीच योग इस क्षेत्र को आयुष और वेलनेस के क्षेत्र में भी पहचान दिलाएगा।

कार्यक्रम एक, संदेश अनेकः भराड़ीसैंण में योग कार्यक्रम के आयोजन से एक ओर जहां ग्रीष्मकालीन राजधानी को लेकर राज्य सरकार ने अपनी नीति को स्पष्ट किया है। वहीं दूसरी ओर यह आयोजन उत्तराखंड को योग, वेलनेस और आयुष के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने जन्मदिन पर दून में हुईं भावुक, बहने लगे आंसू

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। 20 मई को द्रौपदी मुर्मू का जन्मदिन है। इस मौके पर देहरादून में कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। तभी एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अचानक से भावुक हो गईं और उनके आंसू निकल आए।

दरअसल, शुक्रवार 20 मई को राजधानी देहरादून में एनआईईपीवीडी (राष्ट्रीय दृष्टि विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण संस्थान) के अंदर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर एनआईईपीवीडी के बच्चों ने राष्ट्रपति के सामने गाना किया। तभी अचानक से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भावुक हो गईं और वो अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं। दून एनआईईपीवीडी में बच्चों ने आमिर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

खान की फिल्म तारे जमीं पर का गाना गया तो राष्ट्रपति के साथ–साथ मंच पर बैठे सभी लोग मंत्र मुग्ध हो गए थे।

गाने के अंत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आंखों से आंसू बहने लगे। लेकिन जैसे ही बच्चों ने अगले ही पल राष्ट्रपति को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक प्रस्तुति दी, तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने आप को रोक नहीं पाईं और मंच पर वो रोने लगीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भावुक होते देख पीछे खड़े सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रूमाल दिया। दिव्यांग बच्चों का कार्यक्रम देखकर न सिर्फ राष्ट्रपति, बल्कि मंच पर मौजूद केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार और राज्यपाल गुरमीत सिंह भी भावुक हो गए थे।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर प्रदेशभर में पार्टी के शीर्ष नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये।

इसी के तहत देहरादून महानगर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता मोनी के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन पर "मुहब्बत की दुकान" कार्यक्रम के अन्तर्गत मीठे पानी की छबील लगाकर आम जनता को मीठा सरबत पिलाया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस



सरबत वितरित करते कांग्रेस नेता।

अध्यक्ष करन माहरा, प्रवक्ता अभिनव थापर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने राहुल गांधी को जन्म दिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्र के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यर्त्ताओं के टूटे हुए मनोबल को जोड़कर कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबन्धन को एक बार पुनः सत्ता के करीब पहुंचाने का काम किया निश्चित रूप से उनके नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर सदन में कांग्रेस पार्टी के जन प्रतिनिधियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं के आदर्श नेता है इसीलिए आज युव कांग्रेस ने मीठे पानी की छबील लगाकर आमजन को गर्मी से राहत देने का काम किया। महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता ने राहुल गांधी को जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि राहुल गांधी जी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं। राहुल गांधी जी के खिलाफ क्या माहौल भाजपा और उसका संगठन बना रहा है ये जग जाहिर है परन्तु राहुल गांधी जी अपनी निडरता से लगातार देश में फैलाई जा रही नफरत को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं और उसी प्रयास के कारण उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 कि.मी. की पद यात्रा बिना खौफ बिना डर के करी थी।

21 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 1:25 PM Page 5



# सांसद अजय भट्ट ने लालकुआं प्रयागराज स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने लालकुआं प्रयागराज स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर विधिवत शुभारंभ करते हुए यहां से रवाना किया। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट भी मौजूद रहे।

शुक्रवार की दोपहर 2रू50 पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 से पहली बार प्रयागराज को रवाना हो रही लालकुआं प्रयागराज स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्तमान में कुमाऊं क्षेत्र से मुंबई को तीन, बेंगलुरु को एक, कोलकाता को दो, दिल्ली को चार तथा एक ट्रेन भुज को चल रही है। इसके अलावा भी कई रेल गाड़ियां महानगरों को उत्तराखंड से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लालकुआं से अयोध्या, झांसी और असम को रेलगाड़ियां चलाई




लालकुआं रेलवे स्टेशन में प्रयागराज स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाते क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट व अन्य।

जाएंगी। इस बारे में उनकी रेल मंत्री से विस्तृत बातचीत भी हुई है, क्योंकि असम के कामाख्या मंदिर को उत्तराखंड से श्रद्धालु भारी संख्या में जाते हैं, जिनके लिए यदि यहां से ट्रेन चल जाएगी तो आवागमन और सुगम हो जाएगा। साथ ही क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि जल्द ही कुमाऊं से बंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए भी उनके द्वारा रेल मंत्रालय पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लालकुआं रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण कार्य प्रगति पर है, जल्द ही लालकुआं रेलवे स्टेशन उत्तराखंड का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन बनकर तैयार होने जा रहा है, इस रेलवे स्टेशन से देश के कोने–कोने को सुपरफास्ट रेल गाड़ियां चलाई जाएगी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे तमाम विकास कार्यों का उल्लेख किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, भाजपा नेता रंजन बर्गली, हेमंत नरूला, हरीश भाकुनी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन चौहान, लाल चंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, महामंत्री राजकुमार सेतिया, बॉबी संभल, धन सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, लालकुआं स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह, संजीव शर्मा, उमेश तिवारी, हरीश नैनवाल, पूरन सिंह रजवार, संजय अरोड़ा, सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे। रेलगाड़ी का विधिवत शुभारंभ करने के पश्चात उन्होंने भाजपा नेता राजकुमार सेतिया के आवास में पत्रकारों से वार्ता भी की।

## नौटी में कार्यरत पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी अंजू रावत का स्थानांतरण होने पर दी विदाई

**चमोली।** राजकीय पशु चिकित्सालय नौटी में कार्यरत पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी अंजू रावत का राजकीय पशु चिकित्सालय डोईवाला, देहरादून स्थानांतरण होने पर राजकीय पशु चिकित्सालय नौटी में आयोजित समारोह में उन्हें विदाई दी। विदाई समारोह में पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी अंजू रावत ने कहा कि उन्होंने नौटी में कार्य करते हुए सदैव पशुपालकों के हितों का ध्यान रखा और पशुपालकों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी आशुतोष बसेड़ा ने कहा कि फार्मेसी अधिकारी अंजू रावत ने अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया और विभागीय सेवाओं से पशुपालकों को लाभान्वित किया।

इस अवसर पर क्षेत्र प्रसार अधिकारी शौकत अली, वैक्सीनेटर रंजीत सिंह, पैरावेट नागेंद्र रावत, पंकज रावत, विमला देवी, मोहन लाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भराड़ीसैंण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने मुख्यमंत्री धामी पहुंचे भराड़ीसैंण



**चमोली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराडीसैंण में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज भराडीसैंण पहुँच गये हैं।

मुख्यमंत्री महोदय का भराडीसैंण पहुँचने पर हैलीपेड में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने उनकी अगवानी की। इसके पश्चात, शानदार सेरेमोनियल ड्रेस में सजे चमोली पुलिस के जवानों द्वारा मुख्यमंत्री को सलामी देकर उनका सम्मान किया गया। छोलिया लोक नृत्य और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

## भराड़ीसैंण, गैरसैंण की मिट्टी ने जीता विदेशी मेहमानों का दिल

**चमोली/भराड़ीसैंण (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण, गैरसैंण में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करने 8 देशों के राजदूत ६ उच्चायुक्तध् प्रतिनिधि शुक्रवार दोपहर भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में पहुंचे। भराड़ीसैंण पहुंचते ही विदेशी मेहमानों ने उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली से भरी वादियाँ, स्वच्छ वातावरण देखा तो वो सभी अभिभूत नजर आए। उन्होंने गैरसैंण की तारीफ करते हुए इस क्षेत्र को अद्भुत और हर रूप से समृद्ध स्थल बताया।

8 देशों के राजदूत, उच्चायुक्त और प्रतिनिधि भराड़ीसैंण, गैरसैंण पहुंचे, तो उनके स्वागत में उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। छोलिया नृत्य और



पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। इस सांस्कृतिक स्वागत से विदेशी मेहमान बेहद खुश नजर आए और उन्होंने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

गाड़ी से उतरते ही विदेशी 8 देशों के प्रतिनिधि जैसे ही भराड़ीसैंण परिसर पहुंचे, वो प्राकृतिक सुंदरता देख अभिभूत हो उठे। उन्होंने तुरंत अपने मोबाइल फोन निकालकर इस अद्भुत क्षण को कैमरे में कैद करना शुरू कर दिया। भारत में मैक्सिको के राजदूत श्री फेडेरिको सालास, मेक्सिको दूतावास में आर्थिक मामलों के प्रमुख श्री रिकार्डो डेनियल डेलगाडो, भारत में फिजी उच्चायोग के हाई कमिश्नर श्री जगन्नाथ सामी, भारत में नेपाल के राजदूत डॉ शंकर प्रसाद शर्मा मौजूद है।

## गौचर में आदर्श रामलीला मंडली रावलनगर ने रामलीला मंचन के दौरान किया वयोवृद्धों का सम्मान

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर (चमोली) के रावलनगर गांव में रामलीला मंचन की धूम मची हुई है। यहां प्रतिदिन रामलीला मंचन का शुभारंभ गांव के बुजुर्ग महिला एवं पुरुष, धियाणीयां एवं सरकारी प्रतिष्ठानों में कार्यरत गांव के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है।

दर्शकगण देर रात तक रामलीला मंचन का भरपूर आनंद ले रहे हैं। रामलीला मंडली के संरक्षक भागवत सिंह भंडारी और अध्यक्ष भरत सिंह नेगी ने कहा कि गांव की परम्परा के अनुसार सर्वप्रथम गांव के वयोवृद्धों



को सम्मानित किया गया। आदर्श रामलीला मंडली रावलनगर के संरक्षक भागवत सिंह भंडारी एवं अध्यक्ष भरत सिंह नेगी ने कहा कि गांव के भुमियाल रावल देवता व क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां कालिंका की पूजा अर्चना के साथ हनुमान ध्वज स्थापना और समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता से 15 जून से रामलीला मंचन प्रारंभ हुआ। जिसे लेकर सभी लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है। प्रथम दिवस रावण द्वारा शिव की आराधना एवं राम जन्म तक का मंचन किया गया। द्वितीय दिवस जनक दरवार, जनक का हल लगाना व सीता जन्म तक की लीला मंचन हुई। तृतीय दिवस सीता स्वयंवर का सुंदर मंचन किया गया। रामाभिनय चतुर्थ दिवस में रामचन्द्र जी को वनवास तथा वन गमन तक का मंचन हुआ। पांचवे दिवस की लीला में केवट से रामचन्द्र जी की भेंट तथा भरत मिलाप का मंचन किया गया। जिसे देर रात्रि तक दर्शकों द्वारा ध्यानपूर्वक सुना व देखा गया। अध्यक्ष भरत सिंह नेगी व संरक्षक भागवत सिंह भंडारी ने कहा कि वयोवृद्ध गांववासियों में से. नि. कैप्टन बलवन्त सिंह नेगी के अलावा सुरेन्द्र सिंह मल्ल, महिताव सिंह, से. नि. एडीओ महेंद्र सिंह बिष्ट, गांव अध्यक्ष विजय बिष्ट, संरक्षक गजेन्द्र सिंह नेगी, सरपंच मंगल सिंह बिष्ट, गणेश शंकर चौधरी आदि को मंडली द्वारा सम्मानित किया गया। रामलीला मंचन में अव्वल सिंह नेगी, वृजमोहन सिंह बिष्ट, दीपक बिष्ट, विपुल रावत, आनन्द सिंह बिष्ट सहित मातृशक्ति मौजूद रही।

21 June 2025_Copy of Layout 1  6/21/2025  1:25 PM  Page 6



# मुख्यमंत्री की पहल पर गठित सेतु आयोग से बदलेगा युवाओं और ग्रामीण अंचलों का भविष्य : राजशेखर

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने गुरुवार को हल्द्वानी स्थित जिला उद्योग केंद्र सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष आयोग की कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु आयोग) प्रदेश में तकनीक, नवाचार और उद्यमशीलता के माध्यम से विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य युवाओं, किसानों और ग्रामीण अंचलों के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करना है। उपाध्यक्ष सेतु आयोग ने बताया कि टाटा ट्रस्ट, बिल गेट्स फाउंडेशन, नैस्कॉम और महिंद्रा जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में एमओयू किए गए हैं। इससे प्रदेश में तकनीकी सहयोग, कौशल विकास और नवाचार को नई गति मिलेगी।



सेतु आयोग द्वारा शहरी नियोजन को लेकर राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों की सफल योजनाओं का विश्लेषण कर सुझाव दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, शहरों में नियोजन, वित्त, आर्किटेक्चर समेत अन्य क्षेत्रों की योजनाएं तैयार करने में आयोग के कंसल्टेंट सहयोग करेंगे। इससे शहरी निकायों को योजनाबद्ध विकास की दिशा में सहायता मिलेगी और वे आने वाले समय में बड़ी परियोजनाओं पर प्रभावी रूप से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा को जोड़कर चिकित्सा और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए आगामी सत्र में प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में ।ᑦ आधारित कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के जमाने में एक बेहतरीन विकल्प है, जिसकी ओर छात्रों को तेजी से आगे बढ़ना होगा और इसके लिए आयोग पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। प्रदेश के किसानों को लेकर उपाध्यक्ष सेतु आयोग ने बताया कि आने वाले कुछ समय में उन्हें बड़ा लाभ मिलने वाला है। आयोग ने कई बड़ी कंपनियों से एमओयू किए हैं, जिससे उत्तराखंड के किसानों को सीधे बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे उनकी आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा, जिससे देश-विदेश से ग्राहक सीधे उत्तराखंड की ओर आकर्षित होंगे। छात्रों के लिए भी आयोग विशेष प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कई प्रमुख कंपनियों के साथ समझौते किए जाएंगे, ताकि युवाओं को व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण मिल सके। इससे उन्हें बेहतर करियर विकल्प उपलब्ध होंगे और राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण अवसर सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

## सड़क हादसे में बैंककर्मी की मौत

**नैनीताल।** कालाढूंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैलपड़ाव आईआरबी कैंप के पास एक बैंक कर्मी की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई गई। जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए और बैंक कर्मी की जान मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात एक बैक में कार्यरत कर्मचारी जितेन्द्र कुमार अपनी कार से रुद्रपुर से रामनगर स्थित अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी कार बैलपड़ाव क्षेत्र में आईआरबी कैंप के पास पहुंची। तभी कार अनियंत्रित हुई और पेड़ से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और जितेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची।

# नशे की हालत में होटल मैनेजर ने युवती से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल रोड स्थित नामी होटल के मैनेजर पर दिल्ली की युवती ने शराब के नशे में दुष्कर्म का आरोप लगाया। आरोपी पीड़िता को होटल में छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी सहेली हापुड़ निवासी युवती के संग रामनगर व हल्द्वानी के होटल और रिजार्ट में इवेंट मैनेजमेंट का काम करती है। रामनगर के एक रिजार्ट में काम करने के दौरान उनकी मुलाकात रामनगर के सांवल्दे निवासी युवक से हुई थी। तब युवक रिजार्ट का मैनेजर था। उसके रिजार्ट में उन्हें कई बार इवेंट का काम दिया, अब युवक हल्द्वानी में एक बड़े होटल का जीएम है। आरोप है कि बीती रात युवक ने उन्हें होटल में इवेंट के लिए बुलाया था, वह अपनी सहेली के संग हल्द्वानी आई, रात को काम करने के बाद युवक ने उसे नैनीताल रोड स्थित एक दूसरे होटल में रूकवा दिया।

रात को युवक जबरन उसके कमरे में घुस गया, उसके बाद वहां बैठकर शराब पी और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। हल्द्वानी कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि रात में ही भोटिया पड़ाव पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अस्पताल में युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

# एनआईईपीवीडी में विज्ञान व गणित कक्षाओं की शुरुआत सराहनीय: केंद्रीय मंत्री



कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व केंद्रीय मंत्री और अन्य।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इन दिनों तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंची हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।

अपने 67वें जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत बधाई गीत ने सभी का मन मोह लिया और गीत को सुनकर खुद राष्ट्रपति भी भावुक हो उठीं। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा देशभर में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और बताया कि देश में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए 9 राष्ट्रीय संस्थान कार्यरत हैं। उन्होंने एनआईईपीवीडी में विज्ञान व गणित कक्षाओं की शुरुआत को सराहा और बताया कि यहां से पढ़े तीन छात्र आईएएस बने हैं। उन्होंने कहा यह समारोह दिव्यांग बच्चों के हौसले और प्रतिभा को सलाम करने का प्रेरणादायक क्षण बना।

# अजय भट्ट ने बिंदुखत्ता सहित पूर्वी तराई के प्रभावित पशुपालक परिवारों को भूमि का मालिकाना हक की मांग की

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखते हुए वनाधिकार अधिनियम 2006 (संशोधन 2012) के अन्तर्गत बिंदुखत्ता सहित पूर्वी तराई के प्रभावित पशुपालक परिवारों को भूमि का मालिकाना हक एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान किये जाने मांग की है।

अजय भट्ट ने कहा है कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत तराई पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न खत्तों जैसे- बिंदुखत्ता, रैखाल खत्ता, तुनीखाल (होराई) खत्ता,



डौली खत्ता, खमारी खत्ता, बौद खत्ता, हंसपुर खत्ता, जौलासाल खत्ता एवं कड़ापानी खत्ता में कई दशकों से रह रहे पशुपालक परिवारों को अभी तक वनाधिकार अधिनियम 2006 (संशोधित 2012) के अन्तर्गत भूमि का मालिकाना हक प्राप्त नहीं हुआ है। समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया है कि सैकड़ों वर्षों से वन भूमि पर बसे ग्रामवासी सरकारी योजनाओं एवं अन्य बुनयादी सुविधाओं से वंचित लम्बे समय से वनाधिकार कानून (एफ०आर०ए०) के तहत राजस्व ग्राम घोषित होने की प्रतीक्षा कर रहे है। मैंनें इस प्रकरण को लोगो की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए संसद में भी उठाया था। आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहता हूं कि इन खत्तों के सभी नागरिक लोकसभा एवं विधानसभा में मतदान करते है, परन्तु ग्रामसभा, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायतों में इन्हें चुनाव का अधिकार नहीं है, जो लोकतंत्र की इकाई पंचायतों के चुनावों के लिए, वन-कानूनों के कारण नागरिकों के, मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। अजय भट्ट ने अपने पत्र में कहा है कि उपरोक्त खत्तों के निवासियों ने 1883 से पूर्व जंगलात क्षेत्र में अपने पशुओं के साथ स्थायी रूप से निवास करना प्रारम्भ किया था और आज भी वे वहीं पर जीवन-यापन कर कर रहे हैं। उपरोक्त खत्तोंध्गोठोंध्वन गांवों समेत उत्तराखण्ड के ऐसे खत्तों एवं वनों में पीढ़ियों से रहने वाले गोठों एवं वन खत्तों के भारतीय नागरिकों को लोकतंत्र की सीढ़ी पंचायत चुनावों से बन कानूनों के कारण दूर रखा गया है। बिन्दुखत्ता भी इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां पर देश की रक्षा के लिए शत्रुओं को मुंहतोड़ जवाब देने वाले सेवानिवृत्त सैनिकों समेत, लगभग 50 हजार जनता के रहने का अनुमान है। अजय भट्ट ने आग्रह किया है कि ऐसी स्थिति में वन कानूनों की आज के परिप्रेक्ष्य में पुनः समीक्षा की जानी आवश्यक प्रतीत होती है। वन खत्तों मे रहे परिवारों द्वारा सम्बन्धित विभागों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये गए, लेकिन प्रक्रियात्मक अड़चनों के कारण उन्हें अब तक उनके अधिकार नहीं मिल सकें हैं।

# टीएचडीसी इंडिया विद्युत मंत्रालय की राजभाषा ज्योति शील्ड से पुरस्कृत, मंत्री मनोहर लाल किया पुरस्कृत

**ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में राजभाषा ज्योति शील्ड से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के कर–कमलों से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव विश्नोई एवं निदेशक (कार्मिक) शैलेन्द्र सिंह ने प्राप्त किया।



पुरस्कार प्राप्त करते हुए टीएचडीसी के अधिकारी।

इस अवसर पर विद्युत राज्यमंत्री श्रीपाद नाइक, सचिव (विद्युत), पंकज अग्रवाल (आईएएस), धीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता (प्रभारी राजभाषा), विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रमुख तथा प्रतिनिधि, हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव विश्नोई ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई संप्रेषित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र यही है कि हम निरंतर अपने कार्यों में जुटे रहें।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड जहां एक ओर अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी ला रही है वहीं अपने संवैधानिक एवं सांविधिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करने के प्रति भी कटिबद्ध है। इस पुरस्कार के बारे में जानकारी देते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को यह पुरस्कार 2023–24 के दौरान राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अधीनस्थ सभी संस्थानों के द्वारा भेजी गई प्रविष्टियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यह शील्ड प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि इसी अवधि के लिए 14 सितंबर, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को भारत सरकार, गृह मंत्रालय के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी में प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह के कर–कमलों से भी पुरस्कृत किया गया था एवं इसी अवधि के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार की 29 जनवरी, 2025 को आयोजित हुई बैठक में नराकास राजभाषा वैजयंती प्रथम पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया था। इस बैठक में विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कार्यालयों और उपक्रमों की राजभाषा गृह पत्रिकाओं का विमोचन भी किया गया द्य इस अवसर पर टीएचडीसी की राजभाषा पत्रिका 'पहल' के 35वें अंक का विमोचन किया गया।

## एमेजॉन इंडिया करेगी 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

**देहरादून।** भारत के सबसे सुरक्षित, सबसे तेज़ और सबसे विश्वसनीय ऑपरेशंस नेटवर्क का निर्माण और संचालन करने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत एमेज़ॉन द्वारा 2025 में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है।

इस निवेश की मदद से ऑपरेशंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा, उसे अपग्रेड किया जाएगा, एसोसिएट्स की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी, कल्याण कार्यक्रम चलाए जाएंगे, तथा इसके फुलफिलमेंट नेटवर्क के लिए नए टूल्स और टेक्नोलॉजी का विकास किया जाएगा। एमेज़ॉन के ऑप्स नेटवर्क के निर्माण के लिए किए जाने वाले निवेशों में यह निवेश सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, जो कंपनी को पूरे भारत में सभी पिन–कोड तक डिलीवरी पहुँचाने में मदद करेगा। अभिनव सिंह, वीपी – ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया ने कहा, हम भारत में एक दशक से अधिक समय से सर्वश्रेष्ठ लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रहे हैं।

## मुख्य सचिव ने दिए स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का उपयोग करने के निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन द्वारा समस्त प्रमुख सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों एवं जिलाधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा निर्मित उत्पादों का उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बावत जारी अपने पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता एवं आजीविका संवर्धन हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। महिला समूहों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण, कैंटीन संचालन आदि क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है तथा यह महिलाएं खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि राज्य, जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित सभी शासकीय/अर्ध–शासकीय बैठकों, कार्यक्रमों एवं अन्य समारोह के आयोजनों में कैटरिंग सम्बन्धी आवश्यकताओं हेतु यथासम्भव महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लिया जाए एवं उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाए। उन्होंने जनपद स्तर पर आने वाले विशिष्ट अतिथियों, महानुभावों के स्वागत कार्यक्रमों के स्मृति–चिन्ह इत्यादि हेतु स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों अथवा हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के उपहार प्रदान किए जाने पर जोर दिया।

## सेंटरियो मॉल में हुआ मिस उत्तराखंड के फर्स्ट लुक का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सिनमिट कम्युनिकेशंस की ओर से गुरुवार को सेंटरियो मॉल में मिस उत्तराखंड–2025 के फर्स्ट लुक का आयोजन हुआ। इस दौरान ऑडिशन में चुनी गई राज्यभर की करीब 36 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सामने अपना इंट्रोडक्शन दिया और कैटवॉक की।




ऑडिशन की प्रतिभागी।

सिनमिट कम्युनिकेशंस की ओर से उत्तराखंड में करीब 20 सालों से मिस उत्तराखंड पीजेंट का आयोजन कराया जा रहा है। मिस उत्तराखंड–2025 की तैयारिया भी जोरो पर हैं। इसी क्रम में ऑडिशन के बाद गुरुवार को न्यू कैंट रोड स्थित सेंटरियो मॉल के छठे फ्लोर में स्थित हॉल में प्रतिभागियों का फर्स्ट लुक हुआ।जिसमें देहरादून सहित, हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तरकाशी, नैनीताल, रुद्रपुर, पिथौरागढ़, चमोली, बागेश्वर, खटीमा आदि जगहों की युवतियों ने हिस्सा लिया।इस दौरान उन्होंने अपना इंट्रोडक्शन दिया और वॉक की। इस मौके पर सिनमिट कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर दलीप सिंधी ने बताया कि पहली बार मिस उत्तराखंड की विनर को फेमिना मिस इंडिया उत्तराखंड में डायरेक्ट एंट्री का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले तक इस कॉन्टेस्ट में भागीदारी निभाने के लिए दिल्ली जाकर अलग से ऑडिशन देना होता था, लेकिन ये पहला मौका होगा जबकि मिस उत्तराखंड–2025 की विनर को सीधे ही फेमिना मिस इंडिया उत्तराखंड में एंट्री मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि अलग–अलग सब कॉन्टेस्ट के बाद जुलाई में ग्रैंड फिनाले का आयोजन हयात सेंट्रिक में किया जाएगा।

## विश्व किडनी कैंसर दिवस पर मैक्स हॉस्पिटल ने किया लोगों को आधुनिक इलाज के बारे में जानकारी दी

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विश्व किडनी कैंसर दिवस के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने लोगों को किडनी कैंसर के लक्षण, जोखिम और आधुनिक इलाज के बारे में जानकारी दी।



चिकित्सक लोगों को किडनी कैंसर को लेकर जागरूक करते हुए।

इस पहल का उद्देश्य समाज में किडनी कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर निदान एवं उपचार के महत्व को उजागर करना था। इस मौके पर डॉ. तारीक नसीम, प्रिंसिपल कंसल्टेंट, यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने बताया कि "किडनी कैंसर के लक्षण धीरे–धीरे उभरते हैं और कई बार शुरुआती चरण में स्पष्ट नहीं होते। सबसे आम संकेत पेशाब में खून आना हो सकता है, जो बिना किसी दर्द के दिखाई देता है। इसके अलावा कमर या पीठ के एक तरफ लगातार दर्द होना, पेट या कमर के पास गांठ या सूजन महसूस होना भी संभावित लक्षण हो सकते हैं। कई बार मरीज का वजन अपने आप ही कम होने लगता है, कमजोरी महसूस होती है, भूख में कमी आती है या बुखार रहता है।

ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए"। डॉ. तारिक ने कहा कि "रोबोटिक सर्जरी जैसे अत्याधुनिक विकल्पों के कारण आज यह बीमारी पहले की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से और कम जोखिम में ठीक की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक किडनी कैंसर के मामलों में अक्सर पूरी किडनी को हटाने (नेफ्रेक्टॉमी) की आवश्यकता होती थी, लेकिन अब तकनीक के विकास के साथ, रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक विधियों से ट्यूमर को हटाकर किडनी को बचाया जा सकता है। यह प्रक्रिया न केवल कम जटिल है, बल्कि मरीज की रिकवरी भी तेज होती है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है। इस जनजागरूकता पहल के माध्यम से मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, आम जनता से अपील करता है कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं, विशेष रूप से यदि वे हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, मोटापा या फैमिली हिस्ट्री जैसे जोखिम कारकों से जुड़े हों।

21 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 1:25 PM Page 8



# बदरीनाथ धाम में इको टूरिज्म शुल्क बैरियर शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बीते वर्ष की चार धाम यात्रा के सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी संदीप तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देशन में आयोजित एक रात्रि भोज में सभी थानाध्यक्षों ने अपनी समस्याएं रखी थीं।

इसी दौरान, थानाध्यक्ष बद्रीनाथ ने बद्रीनाथ धाम के प्रवेश द्वार पर नगर पंचायत द्वारा मैनुअल तरीके से लिए जा रहे इको टोल शुल्क के कारण अनावश्यक ट्रैफिक दबाव बढ़ जाने और समय की बर्बादी होने की समस्या को उजागर किया था। उन्होंने एनएचएआई की गाइडलाइन के तहत इको टोल शुल्क को फास्टैग के माध्यम से लेने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया था। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इस सुझाव का गंभीरता से संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में, नगर पंचायत बद्रीनाथ ने जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से एनएचएआई से आवश्यक अनुमति प्राप्त की और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पार्क प्लस कंपनी को इको पर्यटक शुल्क फास्टैग के माध्यम से कराने का बीड़ा सौंपा। 2025 की यात्रा प्रारंभ होने के उपरांत, पार्क प्लस कंपनी ने मौसम की कड़ी चुनतियों के बावजूद इस सिस्टम को स्थापित करने का कार्य किया। लगभग 15 दिनों के सफलतापूर्वक ट्रायल के बाद, अब यह व्यवस्था पूरी तरह से चालू हो गई है।



यूको टूरिज्म शुल्क बैरियर।

ट्रायल की सफलता के उपरांत, आज जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से विधिवत रूप से इस इको टूरिज्म शुल्क बैरियर का शुभारंभ किया गया, जो अब 10279 फीट की ऊंचाई पर स्थित देश का पहला फास्टैग ईको पर्यटक बैरियर के रूप में जाना जाएगा।

इस बैरियर पर अब बद्रीनाथ धाम में प्रवेश करने वाले और बाहर निकलने वाले सभी वाहनों का शुल्क ऑनलाइन माध्यम से फास्टैग के जरिए काटा जाएगा। इसके साथ ही, फास्टैग सिस्टम से लिंक होने के कारण धाम में आनेकृजाने वाले प्रत्येक वाहन का ऑनलाइन रिकॉर्ड संधारित होगा। यह ऑनलाइन रिकॉर्ड सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। किसी भी आपात स्थिति या सुरक्षा संबंधी आवश्यकता होने पर वाहनों की आवाजाही का विवरण तुरंत उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

## कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

**पौड़ी।** अनियंत्रित होकर एक कार के खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। सड़क दुर्घटना का यह मामला देवप्रयाग मोटर मार्ग पयालगांव के समीप का है। जानकारी के अनुसार बीते रोज यहां एक कार के खाई में गिरने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना देवप्रयाग पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने दोनों शवों को खाई से बाहर निकाल पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच जारी है, हालांकि प्रथम दृष्टया वाहन के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

## रिखणीखाल करंट हादसे में अवर अभियंता, उपखण्ड अधिकारी और अधिशासी अभियंता सस्पेंड

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पौड़ी जनपद के रिखणीखाल ब्लॉक स्थित वड्डाखाल क्षेत्र में बिजली की लाइन पर कार्य करते समय संविदा लाइनमैन की करंट लगने से हुई मृत्यु की घटना को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।

विधायक महंत दलीप सिंह रावत की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी चंद्रमोहन, अवर अभियंता शुभम कुमार और अधिशासी अभियंता विनीत कुमार सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य में कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की दृष्टि से लिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यस्थल पर सभी ज़रूरी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता हो। विशेष रूप से फायर या शॉर्प ऑब्जेक्ट्स जैसे जोखिमपूर्ण उपकरणों के उपयोग के समय संबंधित कर्मियों के पास हेलमेट, ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, इन्सुलेटेड औजार जैसे सभी सुरक्षात्मक संसाधन मौजूद होने चाहिए।

## बद्रीनाथ धाम में जवानों ने पेश की मानवता की मिसाल

**चमोली।** उज्जैन निवासी श्री गंगा राम जी अपने बेटे हुकुम के साथ श्री बद्री विशाल के दर्शन हेतु धाम पहुंचे थे। वृद्धावस्था के कारण वे लंबी लाइन में खड़े होने में पूर्णतः असमर्थ थे। मंदिर परिसर में अत्यधिक भीड़ होने के कारण वे मंदिर के बाहर ही असमंजस की स्थिति में खड़े थे। उनकी स्थिति को देखते हुए, जवानों ने उनके पास जाकर उनकी परेशानी का कारण जाना तो बुजुर्ग श्रद्धालु ने अपनी परेशानी बताते हुए दर्शन करवाने का निवेदन किया। होमगार्ड्स जवानों ने बिना किसी देरी के तत्परता दिखाते हुए विभागीय व्हीलचेयर में बुजुर्ग श्रद्धालु को बड़ी सहजता और सम्मान के साथ बिठाया और भीड़ के बीच से रास्ता बनाते हुए उन्हें मंदिर के अंदर ले जाकर श्री हरि के सुगम दर्शन कराए।

## न्यूज डायरी

### डीआईटी विश्वविद्यालय को कॉम्पास ग्रुप इंडिया के सहयोग से ईट राइट कैंपस प्रमाणपत्र प्राप्त मिला




**देहरादून।** डीआईटी विश्वविद्यालय को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा प्रतिष्ठित ईट राइट कैंपस प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि कॉम्पास ग्रुप इंडिया के सहयोग से हासिल की गई है, जो विश्वविद्यालय में एक सुरक्षित, स्वस्थ और सतत भोजन वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर है। एफएसएसएआई द्वारा शुरू की गई ईट राइट कैंपस पहल का उद्देश्य भारत के शैक्षणिक संस्थानों में खाद्य सुरक्षा और पोषण संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह प्रमाणपत्र इस बात का प्रमाण है कि डीआईटी विश्वविद्यालय और कॉम्पास ग्रुप इंडिया मिलकर छात्रों व स्टाफ को न केवल सुरक्षित और पोषणयुक्त बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले भोजन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन, संतुलित व पोषक मेनू तैयार करना, और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करना इस सफलता में मुख्य योगदान रहा।

## विजयवर्गीय ने धामी सरकार के कामों की तारीफ की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और वर्तमान में मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय देहरादून दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड की धामी सरकार और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी अपनी बात रखी। विजयवर्गीय ने पीएम मोदी की तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी विधायकों की तरह मीडिया को धैर्य रखने की नसीहत दी।



भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय अब मध्य प्रदेश की सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर हैं. बुधवार को वह राष्ट्रीय पिट्ठू फेडरेशन की नेशनल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने देहरादून पहुंचे थे। कैलाश विजयवर्गीय देहरादून में थे और वह राजनीतिक टिप्पणी न करते, ऐसा संभव नहीं था। लिहाजा नेशनल जूनियर पिट्ठू प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद जब वह मीडिया से मिले, तो उन्होंने उत्तराखंड की धामी सरकार को लेकर भी कई बातें कहीं।

## पेज 01 का शेष...

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन को भ्रमण के लिए खोला

इस पुस्तक में राष्ट्रपति निकेतन, तपोवन और उद्यान की 300 से अधिक वनस्पतियों और 170 से अधिक जीवों की प्रजातियों का विवरण है, जिनमें तितलियाँ, पक्षी और स्तनधारी शामिल हैं। राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन क्रमशः 24 जून और 1 जुलाई, 2025 से आम जनता के दर्शनार्थ खुले रहेंगे। राष्ट्रपति ने देहरादून में राष्ट्रीयष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान का दौरा किया और छात्रों से वार्तालाप भी किया। उन्होंने मॉडल स्कूल विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर प्रयोगशाला के साथ–साथ एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति का आकलन इस बात से लगाया जा सकता है कि उस समाज में लोग दिव्यांगजनों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। भारत का इतिहास संवेदनशीलता और समावेशिता के प्रेरक प्रसंगों से भरा पड़ा है। हमारी संस्कृति और सभ्यता में मानवीय करुणा और प्रेम के भाव हमेशा से शामिल रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19